आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

दिनांकः 30.11.2025 समय : 18.30 पीएम

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा –भारत का खाद्यान्न उत्पादन 357 मिलियन टन के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचां
- आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने वोकल फॉर लोकल का मंत्र अपनाने का आह्‌वान कियां
- संसद का शीतकालीन सत्र कल से–19 दिसम्बर तक चलने वाले इस सत्र कई जरूरी कानूनों पर होगी चर्चां
- निर्वाचन आयोग ने 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर की समय–सीमा सात दिन बढ़ाई
- प्रदेश में सर्दी ने जोर पकड़ा–कल से शीतलहर की संभावनां

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत ने कृषि क्षेत्र में बड़ी उपलब्धि हांसिल करते हुए 357 मिलियन टन खाद्यान उत्पादन का ऐतिहासिक रिकॉर्ड बनाया हैं श्री मोदी आज आकाशवाणी से प्रसारित होने वाले मन की बात कार्यक्रम की 128वीं कड़ी में देशवासियों को सम्बोधित कर रहे थें उन्होंने कहा कि हम सभी का कर्तव्य है कि धरती माता की रक्षा के लिए प्राकृतिक खेती को लगातार बढ़ावा दें

000

इस मौके पर श्री मोदी ने खेलों में भारत की उपलब्धियों और अंतरिक्ष क्षेत्र की ऊंची उड़ान की बात कीं श्री मोदी ने देशवासियों से वोकल फॉर लोकल के मंत्र को साथ लेकर चलने की अपील कीं उन्होंने आगामी क्रिसमस और नये साल की खरीदारी में भी वोकल फॉर लोकल की भावना को ध्यान में रखने का आह्‌वान कियां

.000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि जी–20 शिखर सम्मेलन में कनाडा के प्रधानमंत्री को उदयपुर के कारीगरों द्वारा निर्मित चाँदी का अश्व भेंट किया गया जो कि राजस्थान की शिल्पकला और सांस्कृतिक विरासत का गौरवशाली प्रतीक हैं श्री मोदी ने रिकॉर्ड शहद उत्पादन, स्पेस स्काई रूट में इनफिनिटी कैम्पस तथा संविधान दिवस और अयोध्या में धर्म ध्वजा के आरोहण की भी बात कीं उन्होंने भारतीय संस्कृति में शांति और करूणा के भाव को सर्वोपरि बताते हुए कहा कि दुनियाभर में लोग गीता से प्रेरित हो रहे हैं श्री मोदी ने 4 दिसम्बर को मनाये जाने वाले नौ सेना दिवस का जिक्र करते हुए कहा कि लगातार मजबूत होते भारत के सुरक्षा तंत्र पर हर भारतीय को गर्व हैं उन्होंने कहा कि आईएनएस माहे को भारतीय नौसेना में शामिल किया जाना रक्षा क्षेत्र में देश की बढ़ती ताकत को दिखाता हैं

000

प्रदेशभर में मन की बात कार्यक्रम को सुना गयां शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में मण्डल कार्यालयों और सार्वजनिक स्थानों पर पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और आमजन ने मन की बात कार्यक्रम को सुनां मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सांगानेर कैम्प ऑफिस में कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात कार्यक्रम सुनां

000

संसद का शीतकालीन सत्र कल से शुरू होगां इससे पहले आज नई दिल्ली में सर्वदलीय बैठक हुई सरकार द्वारा बुलाई गई बैठक की अध्यक्षता केन्द्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कीं बैठक के बाद संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि नेताओं ने सकारात्मक माहौल में चर्चा कीं श्री रिजिजू ने कहा कि सरकार ने सदन में सभी राजनीतिक दलों के नेताओं से शीतकालीन सत्र के दौरान दोनों सदनों के सुगम कामकाज में सहयोग की अपील की हैं

000

19 दिसम्बर तक चलने वाले इस सत्र की 15 बैठकें होंगीं इस दौरान कई जरूरी कानूनों पर चर्चा की उम्मीद है और इसके साथ ही उन्हें पारित करवाने के लिए सदन में रखा जाएगां

इनमें एटॉमिक एनर्जी बिल 2025, इंश्योरेंस लॉज़ संशोधन बिल, हायर एजुकेशन कमीशन ऑफ़ इंडिया बिल 2025 और नेशनल हाईवेज़ संशोधन बिल शामिल हैं

000

निर्वाचन आयोग ने 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण–एसआईआर की समय–सीमा एक सप्ताह बढा दी हैं संशोधित अधिसूचना के अनुसार अब 11 दिसंबर तक फार्म वितरित किए जा सकेंगें पहले यह समय–सीमा 4 दिसंबर थीं मतदाता सूची का मसौदा अब 16 दिसम्बर को प्रकाशित किया जाएगां अंतिम मतदाता सूची अगले वर्ष 14 फरवरी को प्रकाशित की जाएगीं इस समय राजस्थान सहित उत्तर प्रदेश, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, लक्षद्वीप, मध्यप्रदेश, पुद्दुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में एसआईआर प्रक्रिया चल रही हैं

000

सवाईमाधोपुर जिले के कुश्तला में अमरूद प्रोसेसिंग यूनिट शुरू की गई हैं राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में हुए एमओयू के तहत ये इकाई स्थापित की गई हैं जिला कलेक्टर कानाराम ने इसका शुभारंभ कियां उन्होंने कहा कि इसे कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने वाली पहल कहा जा सकता हैं इस इकाई के शुरू होने से स्थानीय किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिलेगां वहीं यूनिट संचालक सुधांशु गुप्ता ने बताया कि यूनिट शुरू होने के साथ ही किसानों को पारदर्शी भुगतान की प्रक्रिया भी सुनिश्चित की गई हैं

000

बीकानेर के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में भारत–यूके संयुक्त सैन्य अभ्यास 'अजेय वारियर–25' आज संपन्न हुआं 14 दिन का यह अभ्यास दोनों सेनाओं के बीच बढ़ते सामरिक तालमेल, पेशेवर क्षमता और संयुक्त ऑपरेशनल तैयारी का प्रभावशाली प्रमाण रहां कर्नल नीरज बेनीवाल ने बताया कि अभ्यास दोनों सेनाओं के कुल 240 चयनित सैनिकों ने सक्रिय रूप से भाग लियां उन्होंने कहा कि इस अभ्यास ने भारत और यूनाइटेड किंगडम के बीच मजबूत और दीर्घकालीन रक्षा सहयोग को नई ऊर्जा दी हैं

000

झुंझुनूं जिले में 13वीं राजपूताना राइफल्स के शहीद जवानों की स्मृति में शहीद सम्मान समारोह आयोजित किया गयां अशोक चक्र प्राप्त इस बटालियन के पूर्व सैनिकों की अगुवाई में पूर्व सैनिकों, शहीद परिवारों और बड़ी संख्या में आमजन ने शहीदों को श्रद्धांजलि दीं कार्यक्रम में सैनिकों, वीरांगनाओं को सम्मानित किया गयां कार्यक्रम में पूर्व सैनिकों ने जिला प्रशासन से सैन्य परिवारों की समस्याओं के समाधान के लिए नियमित संवाद तंत्र विकसित करने की अपील भी कीं

000

जयपुर के मनोहरपुर–दौसा राष्ट्रीय राजमार्ग पर आज हुए एक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गएं गंभीर रूप से घायल दो लोगों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया हैं यह हादसा रतनपुर के पास कार और ट्रक के आमने–सामने टकराने से हुआं यह दुर्घटना उस समय हुई जब कार चालक ट्रक को ओवर टेक करने का प्रयास कर रहा थां कार में कुल नौ लोग सवार थे, जो मेहंदीपुर बालाजी के दर्शन कर खाटूश्यामजी जा रहे थें

000

प्रदेश में कल से शीतलहर का पहला दौर शुरू होने की संभावना हैं पिछले कुछ दिनों से राज्य के विभिन्न जिलों में दिन और रात के तापमान में गिरावट देखी जा रही हैं पिछले चौबीस घंटों के दौरान सबसे कम लूणकरणसर में 8 दशमलव 8 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान दर्ज किया गयां शेखावाटी के फतेहपुर में 8 दशमलव 9, नागौर में 9 दशमलव 3, चूरू में 9 दशमलव 6, पिलानी में 10, करौली में 10 दशमलव 1, दौसा में 10 दशमलव 7 और राजधानी जयपुर में 14 दशमलव 7 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड हुआं मौसम विभाग ने अगले दो–तीन दिनों में तापमान में गिरावट के आसार जताये हैं इसके असर से कई स्थानों पर शीतलहर की संभावना हैं शेखावाटी क्षेत्र में न्यूनतम तापमान 4 से 5 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज होने का पूर्वानुमान हैं इधर सर्दी का असर बढ़ने के साथ ही भरतपुर के केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान घना में पक्षियों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही हैं यहां 30 हजार से ज्यादा परिंदे डेरा डाले हुए हैं माना जा रहा है कि इस बार मेहमान पक्षियों की संख्या करीब 50 हजार तक पहुंच सकती हैं

000